
Newspaper Release regarding Life Time Imprisonment By Sri Rasikesh Kumar, PDJ, Khunti



Man, girlfriend sentenced for killing wife

The Khunti principal district and session judge, Rashikesh Kumar, on Monday has sentenced a man and his girlfriend to rigorous life imprisonment in connection with murder of a woman. Source said that convict Mahabir Ahir had conspired with his girlfriend Jaleshwari Devi to kill his wife Poonam Devi on Feb 2, 2021 as the latter was proving to be a hindrance in his affair.



पत्नी की हत्या के आरोपी पति और उसके प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा

प्रतिनिधि, खूंटी

प्रेमिका के साथ मिल कर पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति और उसकी प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा हुई है. खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार की अदालत ने सोमवार को उन्हें सजा सुनायी है. जिसमें आरोपी पति तमाड़ निवासी महावीर अहीर और प्रेमिका जलेश्वरी देवी को आजीवन कारावास तथा 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गयी है. जुर्माना नहीं भरने पर एक साल के साधारण कारावास की और सजा होगी. घटना छह फरवरी 2021 की है. जिसमें पूनम देवी की

- घटना छह फरवरी 2021 की है, पूनम देवी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी थी

धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी थी. इस संबंध में अड़की थाना में कांड संख्या चार/21 दर्ज किया गया था. वहीं कोर्ट में सत्र वाद संख्या 207/21 चल रहा था. आरोप एक फरवरी 2022 को गठित किया गया था.

उक्त घटना में अड़की निवासी पूनम देवी और तमाड़ निवासी महावीर अहीर शादी कर अड़की के दिसीपीरी गांव में रह रहे थे. छह फरवरी को पूनम देवी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी. घटनास्थल से

पुलिस को पूनम का मोबाइल और खून सना मिट्टी मिला था. जांच में सामने आया कि पूनम का अपने पति के साथ संबंध अच्छा नहीं था. वहीं पति का का एक अन्य महिला जलेश्वरी देवी के साथ प्रेम संबंध था. जलेश्वरी ने महावीर अहीर के साथ मिल कर षड्यंत्र रच कर पूनम की हत्या कर दी. पुलिस को पूनम के मोबाइल फोन के सीडीआर के आधार पर जलेश्वरी देवी को गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही पर हथियार बरामद की. वहीं महावीर को भी गिरफ्तार किया गया. घटना की जांच केस आईओ एसआई जयदेव कुमार सरक ने की. सुनवाई के दौरान कुल 11 गवाह पेश किये गये. लोक अभियोजक में वेद प्रकाश थे.



पत्नी की हत्या के दोषी पति और प्रेमिका को कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

भास्कर न्यूज | खूंटी

खूंटी के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) रसिकेश कुमार की अदालत ने सोमवार को एक सनसनीखेज हत्या मामले में बड़ा फैसला सुनाया. अदालत ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने के दोषी पति और उसकी प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही दोनों अभियुक्तों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. यह मामला अड़की थाना क्षेत्र से संबंधित है. दोषी करार दिए गए अभियुक्तों में मृतका पूनम देवी का पति महावीर अहीर और उसकी प्रेमिका जलेश्वरी देवी शामिल हैं. अभियोजन पक्ष के अनुसार, 6 फरवरी 2021 को पूनम देवी को मोबाइल देने के बहाने घर से बाहर बुलाया गया और कुछ दूरी पर ले जाकर तेजधार हथियार से उसकी निर्मम हत्या कर दी गई. घटना के बाद मृतका के पिता सोमा मुंडा ने अड़की थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर जलेश्वरी देवी को हिरासत में लिया. कड़ाई से पूछताछ और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया. मृतका के पति महावीर अहीर की भी गिरफ्तारी हुई. पुलिस पूछताछ में जलेश्वरी देवी ने स्वीकार किया कि उसका महावीर अहीर के साथ प्रेम संबंध था और दोनों शादी करना चाहते थे. महावीर की पत्नी पूनम देवी उनके रास्ते में बाधा बन रही थी. उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची गई और उसकी हत्या कर दी गई. अड़की पुलिस ने इस मामले में गहन और प्रभावी अनुसंधान करते हुए हत्या की पूरी कड़ी को जोड़कर ठोस साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए. इस केस में कुल 11 गवाहों की गवाही दर्ज की गई. सरकार की ओर से लोक अभियोजक वेद प्रकाश ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा, जिसके आधार पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सख्त सजा सुनाई.

ड बीत रहा, सरकारी स्कूल के छात्रों को अब तक नहीं मिल सका स्वेटर

भास्कर न्यूज | खलारी

ड बीत रहा है पर अभी तक सरकारी स्कूल के छात्रों को स्वेटर नहीं मिल सका। क्षेत्र में इस बार में अभी भी कनकनी व ठंड बरकरार है। इस वर्ष खलारी खंड क्षेत्र में तापमान माइनस डिग्री तक पहुंच गया था। इसके बावजूद सरकारी विद्यालयों के बच्चों को अब तक पोशाक राशि नहीं मिली है। बच्चों को पोशाक का पैसा नहीं मिलने के कारण मासूम से बच्चे अभी भी पिछले वर्ष के पुराने व छोटे हो चुके स्वेटर या घर के रंग-बिरंगे गर्म कपड़े पहनकर स्कूल पहुंच रहे

जानकारी के अनुसार खलारी प्रखंड अंतर्गत कुल 51 सरकारी विद्यालय में 31 प्राथमिक, 18 मिडिल, एक हाईस्कूल और एक प्लस टू विद्यालय है। इन सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठ वर्ग के हजारों बच्चे स्वेटर के इंतजार में है। इस संबंध में सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने बताया कि कलास रूम के अंदर पढ़ाई करने में ठंड बहुत लगता है। बाहर धूप रहती है तो खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करते हैं। उन्होंने कहा कि पापा बोले थे कि जल्द स्वेटर खरीद देंगे पर पैसे के अभाव के कारण अब तक स्वेटर नहीं खरीद दिये। अधिकांश के

विभाग से अब-तक नहीं मिली राशि : बीपीओ

प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एसएन चौरसिया ने बताया कि विभाग द्वारा इस वर्ष अभी तक पोशाक के पैसा ही नहीं भेजा गया है। पैसा नहीं आने के कारण इस वर्ष बच्चे स्वेटर नहीं खरीद नहीं पाया है। विभाग द्वारा पैसा कब आयेगा इसकी जानकारी भी नहीं है।

का गुजारा किसी तरह से चला रहे है। ऐसे में स्वेटर खरीदना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। इस ठंड में बच्चों को बिना स्वेटर या